RNI-NO.MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

संपादक-गोपाल गावंडे

वर्ष - 11 अंक-09 इन्दौर , प्रति मंगलवार, 26 मार्च से 01 अप्रैल 2024 पृष्ठ-8 मूल्य -2

# रंगपंचमी पर महाकाल मंदिर में रंग-गुलाल बैन

**उज्जैन के महाकाल मंदिर के गर्भगृह में रंगपंचमी यानी 29 मार्च को रंग और गुलाल ले जाने पर बैन लगा दिया गया है। प्रशासन ने यह फैसला होली पर गर्भगृह में आग लगने की घटना के बाद लिया है। इसके लिए मंगलवार को गाइडलाइन भी जारी की गई।**

कलेक्टर ने कहा- सुप्रीम कोर्ट से जारी गाइडलाइन के अनुसार ही पर्व मनाया जाएगा। इसका सख्ती से पालन कराया जाएगा। उन्होंने कहा- महाकालेश्वर मंदिर प्रबंधन समिति उत्सव के लिए टेसू (पलाश) के फूलों से बने हर्बल रंग उपलब्ध कराएगी।

रंगपंचमी पर केवल पंडे-पुजारी खेलेंगे प्रतीकात्मक होली

कलेक्टर नीरज सिंह ने कहा- पुजारी-पुरोहित को भी गर्भगृह में रंगपंचमी पर प्रतीकात्मक रूप से होली खेलने की अनुमति होगी। परंपरा के अतिरिक्त ऐसी सामग्री का उपयोग नहीं किया जाएगा, जिससे नुकसान हो।

उन्होंने बताया कि रंगपंचमी के दौरान भस्म आरती में भक्तों की संख्या को भी नियंत्रित किया जाएगा। जो भी मंदिर के नियम तोड़ेगा, उन पर कार्रवाई की जाएगी। मंदिर में आने वाले लोगों को चेकिंग के बाद ही प्रवेश मिलेगा।





## कांग्रेस नेता की आपत्तिजनक पोस्ट पर कंगना रणौत का पलटवार, कहा- हर महिला सम्मान की हकदार है

**लोकसभा चुनाव में मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत ने कांग्रेस नेता की आपत्तिजनक पोस्ट पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि हर महिला सम्मान की हकदार होती है। चाहे उसकी पृष्ठभूमि और पेशा कुछ भी हो।**

लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अभिनेत्री कंगना रणौत को हिमाचल प्रदेश के मंडी से अपना उम्मीदवार बनाया है। इसके बाद कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया पर रनौत और मंडी पर अपमानजनक टिप्पणियां पोस्ट कर दी। जिसके कारण एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया। इसी पर भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हर महिला सम्मान की हकदार है, चाहे उसकी पृष्ठभूमि और पेशा कुछ भी हो। उन्होंने कहा कि वह विशेष रूप से मंडी पर हुई कांग्रेस नेताओं की टिप्पणियों से दुखी हैं।

रणौत ने चंडीगढ़ हवाई अड्डे के बाहर कहा कि मंडी को दुनिया भर में अक्सर छोटा काशी कहा जाता है। दोनों कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कोई कार्रवाई को लेकर किए सवाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली बुलाया है और वह उनसे मिलने के बाद ही जवाब देंगी।

इससे पहले कंगना ने एक एक्स पोस्ट में लिखा था कि प्रिय सुप्रिया जी, एक कलाकार के रूप में अपने करियर के पिछले 20 वर्षों में मैंने सभी प्रकार की महिलाओं की भूमिका निभाई है। क्वीन में एक भोली लड़की से लेकर धाकड़ में एक आकर्षक जासूस तक, मणिकर्णिका में एक देवी से लेकर चंद्रमुखी में एक राक्षसी तक, रज्जो में एक वेश्या से लेकर थलाइवी में एक क्रांतिकारी नेता तक।

## BJP ने काटा टिकट, वरुण गांधी को अधीर रंजन का ऑफर! होंगे कांग्रेस में शामिल?

**भारतीय जनता पार्टी की पांचवीं सूची में पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी का टिकट कट गया है. पार्टी ने उनकी जगह उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद को उम्मीदवार बनाया है. इस पर अब पश्चिम बंगाल की बेहरामपुर सीट से कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए वरुण गांधी को कांग्रेस में शामिल होने का ऑफर दिया है.**




## रेखा आप शक्ति स्वरूपा हो...,

### भाजपा उम्मीदवार बनीं संदेशखाली पीड़िता को PM मोदी ने किया फोन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बशीरहाट से भाजपा उम्मीदवार और संदेशखाली हिंसा के पीड़ितों में से एक रेखा पात्रा को फोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री ने रेखा से उनकी चुनावी प्रचार तैयारियों लोगों के बीच भाजपा के प्रति समर्थन और अन्य मुद्दों को लेकर बात की। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने रेखा को शक्ति स्वरूपा कहकर संबोधित किया।

## के कविता को कोर्ट ने 9 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजा

ईडी ने आरोप लगाया है कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता 'साउथ ग्रुप' का हिस्सा थीं, जिसने 2021-22 के लिए आबकारी नीति के तहत शराब कारोबार के लाइसेंस के एवज में दिल्ली की सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) को 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी।

दिल्ली की शराब नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी के. कविता को कोर्ट ने 9 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. के कविता की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने के लिए ईडी ने कोर्ट से समय मांगा, जबकि कविता के वकील ने कहा कि जब तक रेगुलर जमानत की याचिका पर ईडी जवाब दाखिल करने का समय चाहती है, तब तक कविता को अंतरिम जमानत दी जाय. के कविता ने बेटे की बोर्ड परीक्षा का हवाला देते हुए भी अंतरिम जमानत मांगी थी. के कविता की अंतरिम जमानत पर राउज एवेन्यू कोर्ट अब 1 अप्रैल को सुनवाई करेगा.

## दिल्ली CM पद से इस्तीफा न देने पर अड़े अरविंद केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल जेल जाने के बाद भी सीएम पद से इस्तीफा न देने पर अड़े हुए हैं. वो जेल के अंदर से आदेश भी पारित कर रहे हैं. पर उनकी इस कार्यशैली से कई सवाल खड़े हो रहे हैं.दिल्ली के सीएम ने देश में नई परिपाटी की शुरूआत की है. वो यह कि भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार सीएम भी सरकार चला सकता है. केजरीवाल ने जैसा कहा, वैसा करके दिखा भी दिया है. अभी तक ईडी की न्यायिक हिरासत से उन्होंने कथित रूप से दो आदेश पारित किए हैं. दिल्ली की मुख्य विपक्षी पार्टी बीजेपी ने जहां इसका विरोध किया है वहीं ईडी ने भी जांच शुरू की है कि बिना कागज-कलम और कंप्यूटर के किस तरह अरविंद केजरीवाल अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों को आदेश भेज रहे हैं. फिलहाल अरविंद केजरीवाल कब तक जेल के अंदर से दिल्ली की सरकार चला पाते हैं, ये तो समय बताएगा पर उन्होंने देश की जनता के सामने कुछ सवाल जरूर खड़े कर दिए हैं, जिसका जवाब वे ही दे सकते हैं.

संपादकीय

**धरती के तापमान में वृद्धि ने भारतीय किसानों के लिए नए खतरे उत्पन्न किए हैं। उनके उत्पादन पर असर पड़ रहा है और उन्हें व्यवसाय में सुधार करने की जरुरत है ताकि वे आने वाले समय में भी सुरक्षित रह सकें। बढ़ती गर्मी आम आदमी के लिए एक सामान्य खबर हो सकती है, लेकिन इसको सामान्य दृष्टिकोण से देखना आने वाले बड़े खतरों की तरफ से मुंह मोड़ने जैसा है। खतरे के संकेत- वर्ल्ड मीटिअरलॉजिकल ऑर्गनाइजेशन (डब्ल्यू) के आंकड़े इस बात के गवाह हैं कि पिछले 10 सालों में धरती का तापमान औसत से ज्यादा ही रहा है। 2024 में तापमान के और ज्यादा बढ़ने की आशंका है।**

# ये गर्मी कुछ कहती है



क्या होगा असर- इसका असर धरती के समूचे मौसम चक्र और कालांतर में मनुष्य के जीवन चक्र पर पड़ेगा और सब कुछ उलट-पलट कर रख देगा। इसके चलते कहीं बेमौसम बारिश और कहीं भयानक गर्मी पड़ने की आशंका है। दुनिया विकास के नाम पर संसाधनों का दोहन करते हुए जिस तरह आगे बढ़ रही है, अंदेशा है कि सन 2050 तक दुनिया का तापमान डेढ़ डिग्री सेल्सियस बढ़ जाएगा। इसके बाद अगले पचास सालों में दुनिया का तापमान दो से चार डिग्री सेल्सियस बढ़ सकता है। आंकड़ों से यह पता चलता है कि औद्योगिकीकरण से पहले के काल की तुलना में 2023 में धरती का औसत तापमान 1.45 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है।

क्या करना चाहिए- सर्वाधिक चिंता की बात यह है कि मौसम खुद को जितनी तेजी से बदल रहा है, हम मनुष्य उतनी तेजी से अपना व्यवहार और बर्ताव नहीं बदल पा रहे। शायद हम मनुष्य इस बात को नहीं समझ पा रहे कि मौसम हमारे द्वारा बनाई गई सीमाओं को नहीं मानता। मौसम का संकेत मौसम की चेतावनी पूरी धरती के लिए, अर्थात इस धरती पर रहने वाले, पलने वाले, फलने-फूलने वाले, हर चल-अचल के लिए है। इसलिए पर्यावरण के बारे में वर्ल्ड लीडरों की भाषणबाजी से ज्यादा प्रत्यक्ष रूप से अपने आचरण में ठोस बदलाव की जरूरत है। इस बात को गंभीरतापूर्वक समझना होगा कि अगर मौसम के बदलने की रफ्तार तेज है तो हमें भी अपने कार्बन उत्सर्जन के मानकों और उद्देश्यों को तेजी से नए सिरे से निर्धारित करना होगा। न सिर्फ कार्बन उत्सर्जन, बल्कि मीथेन और नाइट्रेड ऑक्साइड भी नई चुनौती है। चीन के बाद भारत ही सबसे ज्यादा मीथेन का उत्सर्जन करता है। इसकी बड़ी वजह हमारा पशुधन है। पशुधन को बचाते हुए मीथेन को नियंत्रित करना होगा।

**आपदाएं आती है-** विकास और पर्यावरण में संतुलन जैसी बाज़ारवादी संकल्पनाओं को कुछ समय के लिए विराम देना होगा। लेकिन दुर्भाग्य से इस दिशा में मानव समाज की कोई ठोस तैयारी दिखाई नहीं देती। यही वजह है कि इन दिनों धरती को आहत करने वाले चक्रवाती तूफानों की संख्या में कुछ वर्षों से तेजी से इजाफा हुआ है। उत्तराखंड में तबाही के मंजर को कौन याद करना चाहेगा? हर साल कोई न कोई चक्रवाती तूफान धरती के किसी न किसी हिस्से को तहस-नहस कर दे रहा है। आपको याद होगा कि पिछले साल बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवाती तूफान %मोका% से तकरीबन 17 लाख लोग बेघर हो गए थे।



संपादक-
गोपाल गावंडे

राजनीति

# योगी सरकार के कार्यकाल के सात साल पूरे, मुख्यमंत्री ने जनता का जताया आभार




उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सात साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद एक पोस्ट किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करके प्रदेशवासियों को संबोधित किया है। उन्होंने सकारात्मक परिवर्तन लाने में सफलता लाने की चर्चा की। पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में यूपी के विकास की भी चर्चा की।

**लखनऊ- यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने सात वर्ष का कार्यकाल सोमवार को पूरा कर लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए प्रदेश की जनता का आभार जताया।**

### मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार प्रदेशवासियों के हर सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की सेवा, सुरक्षा और समृद्धि के संकल्प को आज सात वर्ष पूरे हो रहे हैं। इन सात वर्षों में सबका साथ-सबका विकास के मंत्र के माध्यम से हर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सफलता प्राप्त हुई है।

### सात साल नए उत्तर प्रदेश के नाम

सीएम ने आगे कहा कि यह सात वर्ष नए भारत के नए उत्तर प्रदेश% के सृजन को समर्पित रहे हैं। लोक-कल्याण के पथ पर चलते हुए डबल इंजन सरकार प्रदेशवासियों के हर सपने को साकार करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। प्रदेश की जनता-जनार्दन और सभी सहयोगियों का सहयोग-समर्थन के लिए आभार।

### सीएम योगी ने किया रुद्राभिषेक

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ से लोकमंगल एवं चराचर जगत के कल्याण की प्रार्थना की। गोरखनाथ मंदिर आवास के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में मुख्यमंत्री ने देवाधिदेव महादेव को बेल पत्र, कमल पुष्प आदि अर्पित करने कर बाद दूध एवं गन्ने के रस से रुद्राभिषेक किया। एक बयान के अनुसार मठ के विद्वत पुरोहितों ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों के द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन एवं आरती की।

विधि-विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत उन्होंने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय एवं शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। रुद्राभिषेक अनुष्ठान के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा, डॉ. अरविंद चतुर्वेदी, अश्वनी त्रिपाठी आदि भी उपस्थित रहे।

# इंदौर में होली पर गुब्बारा फेंका तो मार दिया चाकू

## दो बहनों के साथ बाइक पर जा रहे भाई पर केस दर्ज

**इंदौर में होली पर दो बहनों के साथ बाइक से जा रहे भाई पर बच्चों ने गुब्बारा फेंक दिया। इससे भाई नाराज हो गया। वह गालियां देने लगा। तभी उसे एक लड़का समझाने आया तो उसने चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने शिकायत के बाद आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है।**



भंवरकुआं थाना में फरियादी रोहित भार्गव निवासी नई बस्ती राहुल गांधी नगर की शिकायत पर आरोपी अमित पिता राधेश्याम गांगले निवासी भोलाराम उस्ताद मार्ग के खिलाफ धारा 307,294,506 में केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार घटना होली के दिन की है। आरोपी अमित दो बहनों के साथ बाइक से जा रहा था। तभी बच्चों ने उसके ऊपर गुब्बारा फेंका। इससे वह गुस्से में आ गया और गाली देने लगा। कहा कि जिसने भी गुब्बारा फेंका है उसे नहीं छोड़ूंगा।अमित को समझाने के लिए फरियादी रोहित के मामा का लड़का बादल पहुंचा तो अमित उसके साथ भी विवाद करने लगा। इस बीच अमित ने जेब से चाकू निकाला और जान से मारने की नीयत से बादल के पेट में वार किया। इससे बादल घायल हो गया। मामले में पुलिस जांच कर रही है।




# इंदौर में देर रात तक खुला रहा पियानो पब बार

## होली की रात तेज आवाज में बज रहे थे गाने, केस दर्ज

इंदौर पुलिस की पब-बार संचालकों के खिलाफ सख्ती जारी है। बार-बार समझाइश के बाद भी तय समय पर पब-बार का संचालन बंद नहीं हो रहा है। सोमवार रात विजय नगर क्षेत्र में पियानो पब-बार का संचालन देर तक होता रहा। इसकी जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पब को बंद कराकर केस दर्ज लिया है।

विजयनगर थाना पुलिस ने पियानो पब-बार के कुलदीर सिंह (32), निवासी रामनगर भमोरी के खिलाफ धारा 188 के उल्लंघन का केस दर्ज किया है। आरोपी को पब-बार संचालन के लिए शासन के नियमों के पालन की हिदायत पूर्व में भी दी गई थी। लेकिन फिर भी पब-बार संचालन में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था।

रात 12.30 बजे तक पब बार का संचालन होना पाया गया। बता दें पिछले दिनों पुलिस ने छापा मार कार्रवाई करते हुए देर रात तक चल रहे एक पब को बंद करवाया था।

# इंदौर में जीवन ज्योति बालिका आश्रम से 2 नाबालिग गायब

## सुबह-सुबह मौका पाकर दिया चकमा, दीवार कूदकर भागीं

इंदौर में होली पर बालिका आश्रम की दीवार कूदकर दो नाबालिग लड़कियां बाहर चली गईं। दोनों लड़कियों ने सुबह का समय चुना। जब आश्रम के कर्ताधर्ताओं को पता चला तो लड़कियों को ढूंढने लगे। लेकिन वो नहीं मिली। दोपहर तक इंतजार करने के बाद आखिरकार रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

राऊ थाना पुलिस ने सीमा गुप्ता (46), निवासी जीवन ज्योति बालिका गृह आश्रम, श्रमिक कॉलोनी राऊ की शिकायत पर दो अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण की धाराओं में केस दर्ज किया है। फरियादी सीमा गुप्ता ने पुलिस को बताया कि 25 मार्च सोमवार सुबह करीब 5.25 बजे दो नाबालिग लड़कियां उम्र 17 साल 9 माह और 16 साल 10 माह आश्रम के पीछे की दीवार कूदकर बाहर चली गईं। वो वापस नहीं आई। कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल लड़कियों का पता लगाने में जुटी है। लड़कियों के परिजनों से भी संपर्क किया गया है। एक लड़की थाना किशनगंज महू की रहने वाली है, जबकि दूसरी लड़की झाबुआ की रहने वाली है।

# इंदौर में तेज रफ्तार कार ने दो को रौंदा

## चंदन नगर इलाके में होली की शाम हुए हादसे में तीन घायल,लोगों ने कार चालक को पीटा

**इंदौर के चंदन नगर में होली की शाम तेज रफ्तार कार ने दो से ज्यादा लोगों को रौंद दिया। हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हुए है। कार ड्राइवर ने आधा दर्जन से ज्यादा वाहनों को भी टक्कर मारी। इस हादसे में कार में सवार युवकों सहित पांच लोगो के घायल होने की जानकारी सामने आई है।**

डीसीपी ऋषिकेश मीणा के मुताबिक घटना सोमवार शाम चंदन नगर इलाके की है। यहां एक तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने सड़क पर खड़े लोगों को रौंद दिया। इसमें बाइक सवार दो लोगों सहित एक ठेले वाले को चोट आई है। जिसमें तीनों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

डीसीपी के मुताबिक कार सवार नशे में थे। जो बाइक और वहां खड़े ठेलों को टक्कर मारते हुए निर्माणाधीन सड़क के यहां कार सहित जा घुसे। इसके बाद यहां मौजूद भीड़ ने उनकी पिटाई कर दी। नशे में होने के चलते कार में सवार लड़कों को भी बाद में पुलिस ने उठाकर अस्पताल पहुंचाया। उनकी हालत भी ठीक है। अभी वह नशे के कारण बोलने की स्थिति में नही है। सभी के परिवार की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने मौके से टक्कर मारने वाली कार जब्त की है।

# इंदौर में नाबालिग को जान से मारने की धमकी

## रास्ता रोक कर पीछा करता, दोस्ती के लिए बनाता दबाव, फोन कर रातभर करता परेशान

**इंदौर में नाबालिग लड़की को परेशान करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। युवक पीड़िता को फोन कर परेशान करता, उसका रास्ता रोकता और पीछा करता। पीड़िता परेशान होकर पुलिस के पास पहुंची। पलासिया थाना पुलिस ने 17 साल की नाबालिग लड़की की शिकायत पर आरोपी आशीष नामक युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।**

पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक नाबालिग को फोन लगाता था। रात भर उसे परेशान करता। 24 मार्च को पीड़िता पलासिया आई बस स्टाप से कोचिंग जा रही थी। आरोपी ने पीड़िता का रास्ता रोका। दोस्ती करने के लिए दबाव बनाया। पीड़िता ने मना किया तो उसे गालियां दी। जान से मारने की धमकी देकर उसका पीछा करता रहा। इसके बाद पीड़िता थाने पहुंची और आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवाया।

# इंदौर में 3 साल की बच्ची के अपहरण की कोशिश

## होली खेल रही मासूम को बाइक पर बैठाकर ले जा रहा था आरोपी, पड़ोसियों ने बचाया

**इंदौर में होली पर 3 साल की बच्ची को घर के बाहर से उठाकर ले जाने की कोशिश की गई। आरोपी बाइक पर बैठाकर बच्ची को ले जा रहा था। पड़ोस के लोगों ने देखा तो बच्ची को बचा लिया। आरोपी को भी पकड़ा है। जानकारी के बाद परिजन थाने पहुंचे और आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवाया।**

मामला तिलक नगर थाना क्षेत्र का है। फरियादी विजय सारवान उम्र 40 साल निवासी आईडीए मल्टी स्कीम 140 की 3 साल की बच्ची सोमवार को होली पर घर के बाहर खेल रही थी। तभी एक बाइक सवार युवक आया और उसे बाइक पर बैठाकर ले जाने लगा। पड़ोसियों ने बच्ची को ले जाते हुए युवक को देखा तो उसे पकड़ा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक से पूछताछ की। उसने अपना नाम दीपक दुबे (32) निवासी बिचौली मर्दाना बताया। मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। पुलिस आरोपी दीपक को पकड़ कर थाने पर ले गई। यहां पिता विजय की शिकायत पर आरोपी दीपक के खिलाफ धारा 363 के तहत पुलिस ने केस दर्ज किया गया है।

# इंदौर में नागा साधु बनकर ठगी

## अभिमंत्रित करने के लिए मांगा था कड़ा और घड़ी, सफेद कार में थे आरोपी..




**इंदौर में नागा साधु बनकर ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगों ने व्यक्ति से हाथ में पहना कड़ा और घड़ी अभिमंत्रित करने के लिए मांगा। फिर वापस देने से मना करने लगा और छीन कर भाग गया। पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।**

एरोड्रम थाना पुलिस ने फरियादी चंद्रपाल सिंह तोमर उम्र 61 साल निवासी पद्मालय कॉलोनी की शिकायत पर सफेद कलर की कार में सवार दो अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट की धारा में केस दर्ज किया है। घटना 13 मार्च को छोटा बांगड़दा रोड सुपर कॉरिडोर क्षेत्र के पास की है।

पुलिस के अनुसार अज्ञात सफेद कार में दो लोग सवार थे। जिसमें से एक नागा साधु था। उसके शरीर पर कोई कपड़ नहीं था। काला दुपट्टा और रुद्राक्ष की माला पहना था। उसने फरियादी को आवाज देकर बुलाया। फिर बातों में उलझाया, इधर-उधर का पता पूछा और फरियादी से हाथ में पहना कड़ा और घड़ी अभिमंत्रित करने के लिए मांगी। फरियादी ने मना किया तो उसे धक्का देकर घड़ी और कड़ा छीन कर भाग गया। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# मैं अनंत की शक्ति हूं...

स्त्रहमें सरस्वती की भी आराधना करनी चाहिए । सरस्वती का कार्य बड़ा महान है। महा सरस्वती ने पहले सारा अंतरिक्ष बनाया। उसमें पृथ्वी तत्व विशेष है। पृथ्वी तत्व को इस तरह से सूर्य और चंद्रमा के बीच में लाकर खड़ा कर दिया कि वहां पर कोई सी भी जीवंत क्रिया आसानी से हो सकती है। इस जीवन प्रक्रिया से धीरे-धीरे मनुष्य भी उत्पन्न हुआ। परंतु हमें अपनी बहुत बड़ी शक्ति को जान लेना चाहिए। वह शक्ति है जिसे हम सृजन शक्ति कहते हैं वीटीवीटी क्रिएटिविटी कहते हैं। यह सृजन शक्ति सरस्वती का आशीर्वाद है जिसके द्वारा अनेक कलाएं उत्पन्न हुई । कला का प्रादुर्भाव सरस्वती के ही आशीर्वाद से है । हमारे बच्चे स्कूल में विद्यार्जन कर रहे हैं । पर हमें ध्यान रखना चाहिए कि बिना आत्मा को प्राप्त किए हम जो भी विद्या पा रहे हैं वह सारी अविद्या है । बिना आत्मसाक्षात्कार प्राप्त किए आप चाहे साइंस पड़े या अर्थशास्त्र उसे ना तो आप पूरी तरह समझ सकते हैं और ना ही उसको अपनी सर्जन शक्ति में ला सकते हैं । बच्चे दो प्रकार के होते हैं एक तो पढ़ने के शौकीन होते हैं और दूसरे जिन्हें पढ़ने का शौक नहीं होता । कुछ बच्चों के पास कम बुद्धि होती है और कुछ के पास अधिक । बुद्धि भी सरस्वती की देन है लेकिन आत्मा से मनुष्य में सुबुद्धि आ जाती है। बुद्धि से पाया हुआ ज्ञान जब तक आप सुबुद्धि पर नहीं तोलिएगा तो वह ज्ञान हानिकारक हो जाता है । इसलिए बहुत से लोग सोचते हैं कि पढ़ने लिखने से बच्चे बेकार हो जाएंगे, सफेदपोश होकर फिर खेती नहीं करेंगें । बस अपने को कुछ विशेष समझ कर के और इसी बहकावे में रहेंगे। किंतु आत्मसाक्षात्कार को पाकर जो विद्यार्जन होता है उसमें बराबर नीर क्षीर विवेक आ जाता है। वह समझ लेते हैं कि कौन सी चीज अच्छी है और कौन सी बुरी है। कौन सी चीज सीखनी चाहिए और कौन सी चीज नहीं सीखनी चाहिए उससे पहले कोई मयार्दा नहीं होती । मनुष्य किसी भी रास्ते पर जा सकता है और किसी भी और मुड़ सकता है और कोई भी बुरे काम कर सकता है। आजकल आप जानते हैं कि छोटे बच्चों में बहुत सारी बुराइयां आने की संभावना है और बड़ों में तो हो ही रहा है की ड्रेस आ गए और दुनिया भर की गंदी बातें बच्चे सीख रहे हैं और परेशानी में फंस गए हैं । यह सब चीजों का इलाज एक ही तरीके से हो सकता है कि इनके अंदर आप आत्मा का साक्षात्कार करें आत्मा का साक्षात्कार मिलने से ही सरस्वती की भी चमक आपकी बुद्धि में आ जाती है और जो बच्चे पढ़ने लिखने में कमजोर होते हैं वो भी अच्छा कार्य करने लग जाते हैं । इसके बाद कला की उत्पत्ति होती है अगर आप कला के बगैर आत्मसाक्षात्कार को ही अपना ना चाहे तो वह कला अधूरी रह जाती है या वो बेमयार्दा कहीं ऐसी जगह टकराती है कि जहां उसकी कला का नामोनिशान नहीं रह जाता । तो पहले आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करना ही सरस्वती का पूजन करना एक बड़ी शुभ बात है । हमें सरस्वती के प्रति उदासीन नहीं रहना चाहिए। मैं देखती हूं कि जहाँ जहाँ लोग खेती करते हैं वहां वहां धीरे-धीरे उनका संबंध प्रकृति से होता है और प्रकृति की जो खूबसूरती है उसे वह प्रकट करना चाहते हैं । जो कलाकार होता है वह भी प्रकृति की खूबसूरती को देखकर हुबहू उस तरह से ना बना उसमें अपनी भावना डालकर उसे एक नया रूप दे देता है । जब आप कला को पाने लग जाएंगे और जब आप कला की शुभ संवेदना समझ लेंगे तब आप कलात्मक चीजों की ही और रहेंगे । बहुत सी चीजें लोग बनाते हैं पर कुछ चीजें ऐसी बनती है जिसमें स्वयं चैतन्य बहता है। ऐसे तो पृथ्वी तत्व से ही बहुत से स्वयंभू निकल आए हैं लेकिन अगर आत्मसाक्षात्कारी मनुष्य कोई पुतला बनाता है या कोई कलात्मक चीज बनाता है तो उसमें से भी चेतन आने लग जाता है । सुंदर होने के साथ-साथ ऐसी कृती में एक तरह की अनंत शक्ति होती है। किसी साधारण कलाकार की बनाई कला शीघ्र समाप्त हो जाती है ।उसके प्रति ना तो लोगों की आस्था होती है और ना ही कोई श्रद्धा लेकिन अगर कोई कलाकार आत्म साक्षात्कारी हो तो उसकी कला अनंत तक चलती है क्योंकि उसके अंदर अनंत की शक्ति निहित होती है क्योंकि उसने जो कुछ भी बनाया वह आत्मा की अनुभूति से बनाया है जो आत्मा की रुचिकर है जो आत्मा पसंद करें ऐसी चीज वह बनाता है ।। कलात्मकता इस तरह से मनुष्य में बहुत सुंदरता से पनपती है और ऐसी कितनी भी कला की चीजें बनती हैं वो हमेशा के लिए संसार में मानी जाती हैं । आत्मसाक्षात्कारी व्यक्ति की कला अनंत की शक्ति से प्लावित होती है। तो आप लोग भी आत्मसाक्षात्कारी हो गए हैं ।कला की ओर दृष्टि बढ़ाने से एक तो जीवन में सौंदर्या आ जाता है और जीवन का रहन सहन सुंदर हो जाता है । उसके लिए जरूरी नहीं कि आप बहुत रुपया पैसा खर्च करें। मिट्टी में भी कला भरी है । आप मिट्टी की भी कोई चीज बनाएं तो भी वह कलात्मक हो सकती है । हमारे ऊबड़ खबड़ जीवन में यदि थोड़ी सी कला की झलक आ जाए तो बड़ा ही सुख और आनंद मिलता है। इसलिए आप लोगों की दृष्टि अब कला की ओर जाए तो बड़ा अच्छा हो जाए सभी लोगों के लिए। हाथ से बनी हुई चीजों में चेतन ने बहता है। मशीनों का अत्यधिक प्रयोग करने से ही वातावरण दूषित हो गया है इसका इलाज ही यह है कि आप कलात्मक चीजों की ओर बढ़े जब लोग कलात्मक चीजों की ओर बढ़ेंगे तो एक तरह की श्रद्धा कला के प्रति हो जाएगी । सबसे बड़ी बात तो यह है कि हम हजारों चीजों को बेकार ही खरीदते हैं वह बंद हो जाएगी । हाथ से बनी चीजों के द्वारा अपने हृदय का आनंद हम दूसरों को समर्पित करते हैं । अब यह सोचना है कि किस तरह से यह सौंदर्य स्थापित हो । सबसे पहले सौंदर्य में हमेशा वैचित्र्य होना चाहिए, वैरायटी होना चाहिए । परमात्मा ने यदि सब की शक्ल एक सी बनाए होती तो कैसे लगते हम लोग? सभी लोग अलग-अलग प्रकार के कपड़े पहनते हैं । हमारे देश की सभी स्त्रियां अलग ढंग रंगों की साड़ियां पहनती हैं । यह वैचित्र्य केवल हमारे देश में ही मिलता है । विकसित देशों की औरतें तो गुलाम की तरह एक ही प्रकार के फैशन करती हैं । एक ही प्रकार के बाल बनवाते हैं । उसमें कोई फर्क ही नहीं प्रतीत होता । उनके अंदर जो आत्मा है वह दबी हुई है । उनमें ना वैंचित्र्य है और न ही सृजन शक्ति । अब कला का भी यही हाल हो गया है । विदेशों में अच्छी कलाकृतियां अधिक नहीं निकलती । जब कला पैसे पर उतर आती है तब उसकी आत्मा ही खत्म हो जाती है। कला आनंदमई होना चाहिए न कि उससे कितना पैसा मिले । जब आप की यह धारणा और लक्ष्य हो जाएगा तो स्वयं आत्मा ही आपको ऐसी प्रेरणा देगा कि आप ऐसी ऐसी सुंदर चीजें बनाएंगे जो भूतो ना भविष्यति पहले कभी बनी नहीं और ना बनेगी । एक से एक कलात्मक चीज लोग बनाएंगे और शांत प्रकृति गाँवो में के लोग इस प्रकार की रचना कर सकते हैं । शांतिमय ध्यानावस्था में रहे बिना कला सृजन अधूरा रह जाता है या मयार्दा विहीन । आपको कला का तंत्र तथा तकनीक मालूम होनी चाहिए । जब आपको आत्मसाक्षात्कार होता है तभी आपकी श्रजन कला बढ़ जाती है। जब आप पर सरस्वती जी की कृपा होती है तो आप कलाकार बन जाते हैं लेकिन आप आत्मसाक्षात्कारी कलाकार हो जाते हैं । जब आप आत्मसाक्षात्कारी कलाकार हो जाते हैं तब आपका सारा ही व्यक्तित्व बदल जाता है और जो भी सृजन आप करते हैं उसमें वह शक्ति जिसे मैं अनंत की शक्ति कहती हूँ। वह समाहित होती है और ऐसी बनाई हुई चीजें ऐसी क्रिया से जिसने कोई सा भी कार्य संपन्न किया हो, उसकी कीमत आंकी ही नहीं जा सकती और अनंत तक उसकी सौंदर्य शक्ति प्रदर्शित होती रहती है। सहजयोगियों के लिए बहुत जरूरी है कि वह कला में उतरे और कला को समझें।....



# आपके आचरण मात्र से भी शांत हो सकते हैं ग्रह, मिलेगा शुभ प्रभाव

**अनिष्ट ग्रहों की शांति के लिए जरूरी नहीं है कि आप कठिन मंत्रों का जाप, महंगे रत्न धारण, लाल किताब के टोटके एवं उपाय, ग्रहों का दान इत्यादि ही करें। क्या आपको पता है, आप अपने आचरण एवं व्यवहार में सुधार करके भी ग्रह, नक्षत्रों को अपने अनुकूल बना सकते हैं।**

हम सभी जानते हैं कि जैसे मनुष्य कर्म करता है, उसको उसी प्रकार का फल प्राप्त होता है। कर्म फल भी रूप परिवर्तित कर व्यक्ति को देर-सवेर सुख-दुख के रूप में प्राप्त होता है। विज्ञान की भाषा में जिस प्रकार पदार्थ कभी नष्ट नहीं होता है, उसका केवल रूप बदल जाता है, उसी प्रकार किया गया कर्म भी कभी निष्फल नहीं होता है। अपने पूर्व जन्मों में किए गए पापों से रुष्ट ग्रहों को प्रसन्न करने के लिए उपासना, यज्ञ, रत्न धारण आदि का विधान प्राचीन ग्रंथों में वर्णित है। अनुभव में आया है कि यदि हम लोग जड़ की अपेक्षा सीधे जीव से संबंध स्थापित करें, तो ग्रह अति शीघ्र प्रसन्न हो सकते हैं।

धर्मशास्त्रों में सफलता के सूत्र, संकेतों के रूप में रहते हैं। मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, गुरु देवो भव, अतिथि देवो भव, वेद वाणी है। इसी प्रकार शास्त्र कहता है, मात्र प्रणाम करने से, सदाचार के पालन से एवं नित्य वृद्धों की सेवा करने से आयु, विद्या, यश व बल की वृद्धि होती है। यदि हम जीवों के प्रति परोपकार की भावना रखें, तो अपनी कुण्डली में रुष्ट ग्रहों की रुष्टता को न्यूनतम कर सकते हैं। हर व्यक्ति पर किसी न किसी ग्रह का अपना एक विशेष प्रभाव रहता है, इस प्रकार का विशेष प्रभाव उसके आचार-विचार, व्यवहार व जीवन की कुछ विशेष व प्रमुख घटनाओं के माध्यम से प्रकट होता है। नौ ग्रह इस चराचर जगत में पदार्थ, वनस्पति, तत्व, पशु-पक्षी इत्यादि सबमें अपना प्रतिनिधित्व समाहित रखते हैं। इसी तरह ऋषि, महर्षियों ने पारिवारिक सदस्यों और आसपास के लोगों में भी ग्रहों का प्रतिनिधित्व बताया है।

सूर्य आत्मा के साथ-साथ पिता का प्रतिनिधित्व करता है और चंद्रमा मन के साथ-साथ माता का, मंगल पराक्रम के साथ-साथ छोटे भाइयों का, शनि दु:ख के साथ सेवक का, बृहस्पति ज्ञान के साथ गुरू एवं बड़े भाई तथा उनके समकक्ष लोगों का, बुध वाणी के साथ-साथ मामा का, शुक्र ऐश्वर्य के साथ जीवनसाथी का कारक है। इसे ऐसे भी समझा जा सकता है, कि जीवनसाथी को कष्ट देने पर शुक्र प्राकृतिक तौर पर निर्बल होने लगता है, जिसके कारण व्यक्ति का ऐश्वर्य कम हो जाता है।

# देवताओं के साथ होली खेलने का दिन है रंग पंचमी, जानिए पूजा विधि और शुभ मुहूर्त




चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि यानी की होली के पांच दिन बाद रंग पंचमी का त्योहार मनाया जाता है। इस साल रंग पंचमी का त्योहार 30 मार्च शनिवार के दिन मनाया जाएगा। इस दिन को ईश्वर की कृपा प्राप्ति के लिए बहुत ही खास माना गया है। मान्यता है कि रंग पंचमी के दिन ही भगवान कृष्ण ने राधा रानी के साथ होली खेली थी।

भारत के कई हिस्सों जैसे मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात आदि में होली की तरह ही रंग पंचमी का त्योहार भी मनाया जाता है। माना जाता है कि इस विशेष दिन पर देवता भी धरती पर रंगोत्सव मनाने आते हैं। ऐसे में आइए जानते हैं कि रंग पंचमी का शुभ मुहूर्त और पूजा विधि।

## रंग पंचमी शुभ मुहूर्त

चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि की शुरुआत 29 मार्च को रात 08 बजकर 20 मिनट पर हो रहा है। वहीं, इस तिथि का समापन 30 मार्च को रात 09 बजकर 13 मिनट पर होने जा रहा है। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार, रंग पंचमी का त्योहार 30 मार्च, शनिवार के दिन मनाया जाएगा। इस दौरान देवताओं के साथ होली खेलने का समय सुबह 07 बजकर 46 मिनट से सुबह 09 बजकर 19 मिनट तक रहने वाला है।

## रंग पंचमी पूजा विधि



रंग पंचमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत हो जाएं। इस तिथि पर व्रत भी रखा जाता है। ऐसे में आप व्रत का संकल्प भी धारण कर सकते हैं। इसके बाद पूजा स्थल पर एक चौकी बिछाकर भगवान राधा-कृष्ण की तस्वीर या प्रतिमा स्थापित करें। इसके पास तांबे का पानी से भरा कलश भी रखें। इसके बाद राधा-कृष्ण को कुमकुम, चंदन, अक्षत, गुलाब के पुष्प, खीर, पंचामृत, गुड़ चना आदि का भोग लगाएं। इसके बाद राधा-कृष्ण को फूल माला पहनाएं और गुलाल अर्पित करें। पूजन के बाद आरती करें और घर-परिवार के प्रार्थना करें। अब कलश में रखें जल से घर में छिड़काव करें।



## रंग पंचमी का महत्व

पौराणिक कथा के अनुसार, जब कामदेव ने भगवान शिव के ध्यान को भंग करने का प्रयत्न किया तब शिव जी ने क्रोधित हो गए और उन्होंने कामदेव को भस्म कर दिया। तब कामदेव की पत्नी देवी रति और अन्य देवताओं के प्रार्थना करने पर, महादेव ने कामदेव को पुन: जीवित कर देने का आश्वासन दिया। इस पर सभी देवतागण प्रसन्न हुए और उन्होंने रंगोत्सव मनाया। इसलिए यह माना जाता है कि रंग पंचमी के अवसर पर देवी-देवता धरती पर आकर रंग, गुलाल या अबीर से होली खेलते हैं।

# बड़े मियाँ छोटे मिया

## ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय ने किया टाइगर से मजाक

**हमेशा एक दिशा में रहा करो; मानुषी छिल्लर के एक्शन की भी तारीफ की । अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने मंगलवार को एक इवेंट में 'बड़े मियां छोटे मियां' का ट्रेलर रिलीज किया। मुंबई में हुए इस ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अक्षय-टाइगर, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ के अलावा फिल्म की पूरी टीम मौजूद थी।**




### टाइगर से कहूंगा एक दिशा में रहो- अक्षय

इवेंट में जब अक्षय से पूछा कि वो बड़ा भाई होने के नाते टाइगर श्रॉफ को क्या सलाह देंगे? इसका जवाब देते हुए अक्षय ने जवाब दिया- 'मैं टाइगर से यही कहूंगा कि हमेशा एक ही दिशा में रहा करो।'

उनका यह जवाब सुनते ही इवेंट में मौजूद सभी लोग जोर से हंसने लगे। इसके बाद अक्षय ने टाइगर को जाकर गले से लगा लिया।

### टाइगर-अक्षय संग होली खेलती दिखीं दिशा

अब इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद टाइगर के फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि कहीं टाइगर और दिशा का फिर से पैचअप तो नहीं हो गया। दिशा हाल ही में अक्षय और टाइगर के साथ होली सेलिब्रेट करती भी नजर आई थीं।

टाइगर और एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने साल 2022 में अलग होने से पहले कुछ साल तक एक दूसरे को डेट किया था। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिलेशनशिप को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की थी।

### अक्षय ने मानुषी के एक्शन की तारीफ की

इसके अलावा इवेंट अक्षय ने अपनी को-एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर की भी तारीफ की। एक्टर ने कहा, 'मैंने मानुषी को एक्शन करते हुए देखा तो मैं सरप्राइज हो गया। इन्होंने बहुत ही कमाल का एक्शन किया है। मैं बीते 20 साल से इंडस्ट्री में एक्शन कर रहा हूं और इस लड़की ने मुझे पीछे छोड़ दिया है।'

पृथ्वीराज फिल्म से जुड़े तो मजा ही आ गया- अक्षय

इस मौके पर अक्षय ने फिल्म [illegible] की तुलना हॉलीवुड फिल्म 'बैड बॉयज' से भी की। अक्षय ने कहा कि जब डायरेक्टर ने मुझे इसकी कहानी सुनाई तो मैं एक्साइटेड था और फिर जब फिल्म से पृथ्वीराज सुकुमारन जुड़े तो मजा ही आ गया।'

### द पर रिलीज होगी फिल्म

फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय-टाइगर और पृथ्वीराज के अलावा मानुषी छिल्लर, अलाया एफ, सोनाक्षी सिन्हा और रोनित रॉय भी नजर आएंगे। पहले यह फिल्म दिसंबर 2023 में रिलीज होनी थी। अब यह ईद के मौके पर 10 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज होगी।



# विराट बोले- मुझे T20 प्रमोशन के लिए इस्तेमाल करते हैं-पर मुझमें काफी खेल बाकी; अचीवमेंट नहीं, टीम की जीत के लिए खेलता हूं



**पंजाब किंग्स से मैच जीतने के बाद बेंगलुरु के ओपनर विराट कोहली ने कहा कि उनमें काफी टी-20 क्रिकेट बाकी है। कोहली ने कहा कि उनके नाम का इस्तेमाल टी-20 क्रिकेट को प्रमोट करने के लिए किया जा रहा है, लेकिन उनमें काफी खेल बाकी है। वह अब आंकड़े और अचीवमेंट्स नहीं, टीम की जीत के लिए खेल रहे हैं।**

पंजाब के खिलाफ विराट ने 77 रन की पारी खेली और टीम को 177 रन का टारगेट चेज करवाया। कोहली प्लेयर ऑफ द मैच रहे और ऑरेंज कैप भी हासिल की।

### विराट का इंटरव्यू...

फैंस से बोले- सिर्फ दो मैच हुए, ओवर एक्साइटेड ना हों

विराट ने मैच के बाद इंटरव्यू में कहा, ओवरएक्साइटेड न होना, अभी बस 2 ही मैच हुए हैं। लोग स्टैट्स और अचीवमेंट्स की बातें करते हैं, लेकिन आखिर में यादें ही बाकी रह जाती हैं। राहुल (द्रविड़) भाई भी कहते हैं, जब आप क्रिकेट की फील्ड पर उतरते हैं तो दिल खोलकर खेलते हैं।

फैंस के सामने और फ्रेंड्स के साथ जब आप दिल खोलकर खेलते हैं तो आप अच्छी यादें बनाते हैं, इन्हें आप करियर खत्म होने के बाद भी याद करना चाहते हैं। फैंस का प्यार, ये रिश्ते और टीम का सपोर्ट सालों से मुझे मिल रहा है और मैं इसके लिए शुक्रगुजार हूं।

### विकेट गिरने पर कंडीशन को समझना जरूरी

कोहली ने कहा, मैं ओपनिंग कर रहा हूं और ओपनर के रूप में टीम को अच्छा स्टार्ट दिलाना मेरी जिम्मेदारी है, लेकिन लगातार विकेट गिरेंगे तो आपको कंडीशन भी समझना जरूरी है। आप खराब शॉट खेलकर आउट नहीं हो सकते। पिच बैटिंग के लिए उतनी भी अच्छी नहीं थी, यहां रन बनाना मुश्किल था, तब मैंने समझा कि यहां क्रिकेटिंग शॉट्स खेलकर ही रन बनाए जा सकते हैं।

मुझे बस दूसरे एंड से थोड़ा साथ चाहिए था, जो मिला नहीं। ग्रीन, मैक्सवेल और अनुज मेरे सामने लगातार आउट हो गए, तब मुझ पर जिम्मेदारी भी बढ़ गई। निराश था कि गेम फिनिश नहीं कर सका, गेंद मेरे पाले में थी और उसे बाउंड्री के बाहर जाना चाहिए था, लेकिन डीप पॉइंट पर कैच हो गया। फिर भी 2 महीने बाद क्रिकेट खेलना और टीम की जीत में कॉन्ट्रिब्यूट कर पाना, मेरे लिए इतना भी बुरा नहीं रहा।%

### नाम प्रमोशन के साथ जुड़ा, लेकिन मुझमें टी-20 बाकी है

विराट ने कहा, मैं जानता हूं कि दुनिया में मेरा नाम अब टी-20 क्रिकेट को प्रमोट करने के लिए जोड़ा जाने लगा है, लेकिन मुझे लगता है कि मेरा खेल अब भी बाकी है। मैं अब भी मैच जिता सकता हूं।

मैं कवर ड्राइव को गैप में अच्छे से खेलता हूं, लेकिन रबाडा और अर्शदीप मुझे आसानी से इस शॉट को खेलने नहीं देंगे। इनके सामने बाउंड्री ढूंढनी पड़ती है, इसलिए आगे निकलकर इनसाइड आउट शॉट खेलना बेहतर ऑप्शन है।%

### पिछले 2 महीने नॉर्मल महसूस किया

विराट से पूछा गया कि क्रिकेट से दूर फैमिली के साथ पिछले 2 महीनों के बारे में आप क्या कहना चाहेंगे। इस पर कोहली ने कहा, %हम देश में नहीं थे, हम ऐसी जगह थे, जहां लोग हमें पहचानते नहीं थे। परिवार के साथ मैंने उस वक्त को दिल खोलकर जिया, हम आम आदमी की तरह सड़कों पर घूम रहे थे। 2 महीने तक मैंने नॉर्मल महसूस किया। परिवार के रूप में यह अनुभव अच्छा रहा।

परिवार के साथ, 2 बच्चों के साथ चीजें पूरी तरह से बदल जाती हैं। अपने बड़े बच्चे के साथ आपके कनेक्शन अलग रहते हैं। मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं कि अपने परिवार के साथ 2 महीने का समय भी अच्छे से बिता सका।

### 2 महीने में फैंस का शोर भूल गया था

विराट ने आगे कहा, %ब्रेक के बाद जब घर लौटा और मैदान पर उतरा तो फैंस के शोर से चौंक गया। पिछले 2 महीने की शांति में इस आदत को मैं पूरी तरह से भूलने लगा था, लेकिन वापस लौटा तो समझा यह अनुभव भी जीवन का अहम हिस्सा है।

### ऑरेंज कैप के लिए नहीं खेल रहा

हर्षा भोगले ने विराट को टूर्नामेंट का टॉप रन स्कोरर बनने के लिए ऑरेंज कैप दी। साथ ही कहा कि इस कैप को पहने रखिएगा, आप पर अच्छी लगती है। इस पर विराट बोले, %मैं अब कैप, अचीवमेंट और आंकड़ों के लिए नहीं खेल रहा। मेरे लिए यह एक मौका है कि ऋष्ठ्र्रऔर फिर टीम इंडिया के लिए बेहतर से बेहतर परफॉर्म करूं। मैं फैंस को भी बस यही वादा करूंगा कि आने वाले समय में भी इसी तरह परफॉर्म करना जारी रखूंगा।


RESIDENTIAL PLOTS
FOR SALE




तुरन्त रजिस्ट्री। तुरन्त पजेशन

PLOT SIZE:-

12*50 = 600, SQFT
15*40= 600SQFT
15*50= 750SQFT
20*50= 1000 SQFT

1111/- SQFT

Book an appointment now:
8889066688, 9109639404

WWW.GATEWAYGHAR.IN

# छिंदवाड़ा में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन, नकुल ने भरा पर्चा-सिंघार ने सिंधिया को कहा गद्दार; सीधी से कमलेश्वर, बालाघाट से सम्राट ने किया नामांकन



**मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मंगलवार को कांग्रेस के 4 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इनमें छिंदवाड़ा से नकुलनाथ, बालाघाट से सम्राट सिंह सारस्वत, सीधी से कमलेश्वर पटेल और मंडला से ओमकार सिंह मरकाम शामिल हैं। मरकाम कल फिर पार्टी नेताओं के साथ जाकर पर्चा दाखिल करेंगे। इसी तरह शहडोल से कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल मार्को और जबलपुर से दिनेश यादव भी कल नामांकन दाखिल करेंगे।**

पहले चरण के नामांकन फॉर्म जमा करने का कल (बुधवार) अंतिम दिन है। बुधवार 3 बजे तक नामांकन भरे जा सकेंगे।

### नकुल के नामांकन के बहाने कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

छिंदवाड़ा में नकुलनाथ के नामांकन के बहाने कांग्रेस ने शक्ति प्रदर्शन किया। नामांकन रैली में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष भी शामिल हुए। इससे पहले नकुलनाथ ने शिकारपुर के हनुमान मंदिर में दर्शन किए। उनके साथ पूर्व सीएम कमलनाथ, मां अलकानाथ और पत्नी प्रियानाथ भी मौजूद रहीं। दर्शन के बाद वे रैली निकालकर नामांकन भरने पहुंचे। नामांकन दाखिल करने के बाद सभा भी हुईं।

नकुलनाथ ने कहा कि नाथ परिवार और छिंदवाड़ा के लोगों का राजनीतिक नहीं, पारिवारिक संबंध है। जब भाजपा की सरकार हमें ताली और थाली बजाने का काम दे रही थी, तब छिंदवाड़ा पूरे मध्यप्रदेश और देश में एक ऐसा जिला था, जहां ऑक्सीजन सिलेंडर और इंजेक्शन की कमी नहीं थी।



### नेता प्रतिपक्ष सिंघार बोले- मुझे 50 करोड़, मंत्री पद का ऑफर दिया

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने ज्योतिरादित्य सिंधिया को लेकर कहा– अब वे नेता नहीं, अब तो सिंधिया गद्दार हो गए हैं। जब मैंने सिंधिया से बात की– आप क्या चाहते हो? बोले– मैं लोकसभा चुनाव हार गया, मेरे से 27 नंबर की कोठी छीन ली जाएगी, मैं कहां रहूंगा?

सिंघार ने कहा, एक कोठी के कारण आपने कांग्रेस को धोखा दे दिया। झांसी के लोग ग्वालियर के महाराज को आज भी गद्दार कहते हैं। मुझे भी खरीदने की कोशिश की गई, 50 करोड़ और मंत्री पद का ऑफर आया, लेकिन मैं सच्चा आदिवासी हूं, कांग्रेस को नहीं छोड़ा।

### सीधी में कमलेश्वर पटेल बोले- भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही

सीधी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने मंगलवार को नामांकन जमा किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह भी उनके साथ मौजूद थे। नामांकन के बाद उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। कांग्रेस पार्टी के खातों को फ्रिज कर दिया गया है, ताकि वह उन पैसों का उपयोग न करें। हम बिना पैसों के चुनाव लड़ रहे हैं और जीतेंगे।




# SGSITS के स्टूडेंट निकले उन्नत भारत अभियान पर

## 900 स्टूडेंट 105 गांवों में ग्रामीणों के बीच रहकर समझेंगे उनकी परेशानियां




**उन्नत भारत अभियान के तहत स्त्रस्ङ्ख्ञ्जर द्वारा चलो गांव की ओर प्रोग्राम की शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत 900 बच्चे 105 गांवों में जाकर ग्रामीणों के बीच रहकर न सिर्फ उनकी परेशानियों को समझेंगे, बल्कि उसके समाधान के लिए प्रौद्योगिकी भी तैयार करेंगे। 26 मार्च को स्त्रस्ङ्ख्ञ्जर के 110 स्टूडेंट के समूह कृषि, स्वास्थ्य, बैंकिंग और रोजगार जैसी समस्याओं को दूर करने के लिए विभिन्न गांवों में जानकारी जुटाने के लिए निकले हैं।**

इस प्रोग्राम के कोआर्डिनेटर और डिपार्टमेंट आफ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन के असिस्टेंट प्रोफेसर कृष्णकांत धाकड़ ने बताया कि चलो गांव की ओर अभियान के तहत सभी विद्यार्थी 26 मार्च की सुबह अपने समूह के साथ गांवों की ओर प्रस्थान किया है। इस प्रोग्राम के लिए 110 समूह बनाए गए हैं, प्रत्येक ग्रुप में लगभग आठ विद्यार्थी रखे गए हैं। इसमें कुछ विद्यार्थी इंदौर में गरीब बस्तियों में जाकर वहां की समस्या खोजेंगे और उसके लिए प्रौद्योगिकी तैयार करेंगे। इस प्रोग्राम के तहत सभी छात्रों को 31 मार्च को वापस कालेज परिसर में पहुंचना होगा। इसके बाद सभी संस्थान में अपनी यात्रा का एक वीडियो और विस्तृत रिपोर्ट पेश करेंगे। इसके बाद कालेज के निदेशक व प्रोफेसर गांवों को चिह्नित करके गांव में दोबारा विजिट करेंगे। साथ ही वहां की मूल समस्याओं को दूर करने के लिए स्त्रस्ङ्ख्ञ्जर संस्थान में तकनीक तैयार करेंगे।

### रोजगार बढ़ेगा, पलायन थमेगा

इस प्रोग्राम के जरिए छात्र आंत्रेप्रेन्योरशिप की तरफ कदम बढ़ाएंगे। छात्र अपनी तकनीक के लिए गांवों में सरकार की मदद से इंडस्ट्री भी शुरू कर सकेंगे, जहां वे ग्रामीणों को रोजगार भी प्रदान कर सकेंगे। इससे ग्रामीणों का पलायन भी रोका जा सकेगा। फिलहाल इस प्रोग्राम के लिए बच्चों की सूची तैयार की जा रही है। इसके बाद उन्हें ग्रुप में बांटा जाएगा, जिसमें एक छात्रा को भी अनिवार्य रूप से रखा जाएगा। ताकि वे गांवों में महिलाओं और लड़कियों की समस्याओं को समझ सकें।

**इंदौर नगर निगम कमिश्नर का आदेश**

## रिटायरमेंट के दिन ही अधिकारी-कर्मचारी को मिले जीपीएफ की राशि

**इंदौर** नगर निगम के नए कमिश्नर शिवम वर्मा ने मंगलवार को एक आदेश जारी किया है। कमिश्नर ने आदेश में लिखा है कि निगम में कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों की अधि-वार्षिकी आयु पूर्ण होने / सेवानिवृत्ति उपरांत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों का प्रतिमाह विदाई समारोह आयोजित किया जाता है। उपरोक्तानुसार प्रतिमाह आयोजित होने वाले बिदाई समारोह की संपूर्ण व्यवस्था हेतु अपर आयुक्त (परिषद) को अधिकृत करते हुए बिदाई समारोह हेतु चयनित स्थल पर सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों हेतु हार-फूल, शाल, श्रीफल, सम्मान पत्र एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया जाता है। इसके साथ ही अपर आयुक्त (वित्त) को निर्देशित किया जाता है कि सेवानिवृत्त होने वाले ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति दिनांक पर ही जीपीएफ की राशि उपलब्ध हों सकें, उक्तानुसार व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

**इंदौर के अंबिकापुरी खाटूश्याम धाम में फागयात्रा 30 मार्च को**

## भक्तों संग होली खेलेंगे श्याम बाबा, पानी और रंगों का प्रयोग रहेगा प्रतिबंधित



एयरपोर्ट रोड अंबिकापुरी स्थित खाटू श्याम धाम मंदिर की परंपरागत पद फाग यात्रा इस वर्ष 30 मार्च को सुबह 9 बजे स्वामी रामगोपाल दास महाराज के सान्निध्य में निकाली जाएगी। इसमें श्याम बाबा की आकर्षक झांकी होगी। यात्रा बड़े धूमधाम से निकाली जाएगी। फाग यात्रा में बाबा श्याम भक्तों के संग होली खेलेंगे। यात्रा में पानी और रंगों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा।

मंदिर के महंत नील बाबा ने बताया कि यात्रा का शुभारंभ 30 मार्च शनिवार को सुबह 9 बजे खाटू श्याम धाम अंबिकापुरी से होगा। यात्रा महामंडलेश्वर स्वामी रामगोपाल दास महाराज के सान्निध्य में निकाली जाएगी। यात्रा में श्याम बाबा अपने भक्तों के संग होली खेलने निकलेंगे। यात्रा में पानी एवं रंगों का प्रयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। मंदिर से प्रारंभ फाग यात्रा कान्यकुब्ज नगर, विद्या धाम मंदिर, कालानी नगर चौराहा, सुखदेव नगर, 60 फीट रोड चौराहा, आराधना नगर, वेंकटेश विहार, छोटा बांगड़दा रोड, स्मृति नगर, अशोक नगर होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। यह शहर के पश्चिम क्षेत्र की पहली ऐसी फाग यात्रा होगी, जिसमें महिलाओं के लिए पृथक से व्यवस्था रहेगी। यात्रा में किसी तरह का नशा करके आने वालों को तुरंत पुलिस के सुपुर्द किया जाएगा।

# फिल्मी गानों पर थिरके इंदौर पुलिस के अफसर-कर्मचारी पुलिस लाइन में गाने भी गाए



**इंदौर में होली के त्यौहार पर पुलिसकर्मियों की धूम है। वह जमकर होली खेलते नजर आए साथ ही गाना भी गाया। होली का यह प्रोग्राम मंगलवार को डीआरपी लाइन में रखा गया। यहां पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता के साथ शहर के पुलिसकर्मियों ने जमकर होली खेली।**

पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता ने होली के गीत गाए। उनके गाने को सुनकर पुलिस अधिकारी और जवान जामकर डांस करने लगे। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने कहा कि होली में बड़े और छोटे के बीच भेदभाव नहीं होता। सबके साथ धूमधाम से मनाना चाहिए।

कल ड्यूटी इसलिइुए आज मनाई होली




आयोजन में पुलिसकर्मियों ने रंग गुलाल पानी से होली खेली। महिलाकर्मियों भी डीजे पर जमकर थिरकीं। कमिश्नर राकेश गुप्ता ने कहा कि कल शहर में सभी ने होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मना। हमारे पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा व सतर्कता बनाए रखी थी। वह पूरे समय ड्यूटी पर मौजूद थे। इसीलिए आज सभी कर्मचारी होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन.22 सेक्टर एफ सांवेर रोड इण्डस्ट्रीयल एरिया ,इंदौर,म.प्र. एवं जी-1,कॉस्मिक रीजेन्सी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर, म.प्र. से प्रकाशित - संपादक गोपाल गावन्डे ( पी.आर.बी. ) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ( समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र इंदौर रहेगा )